**Need to construct road to facilitate ?Parikrama? of Trikuta Parvat, the abode of Mata Vaishno Devi Temple in Katra in Jammu and Kashmir- Laid**

श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** मैं मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र माता वैष्णो देवी मंदिर कटरा स्थित त्रिकुटा पर्वत की और ध्यान दिलाना चाहता हूँ । वहां रह रही जनता एवं श्रद्धालुओं की मांग है कि जिस तरह मथुरा स्थित गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा होती है उसी तरह त्रिकुटा पर्वत की भी परिक्रमा के लिए सड़क मार्ग तैयार की जाय जो 108 किलोमीटर बनती है जिसमें बहुत से तीर्थस्थल आते हैं जैसे बाबा घार जित्तो, नौ देवियों , बाबा धनसर, कालिका माता मंदिर रियासी , ग्रा मोड़ महाकाली स्थान, अंजनी माता मंदिर, सौहाल गली वाली माता मंदिर , देवी पिंडी जैसे तीर्थ स्थान आते हैं ,ये परिक्रमा दोबारा भूमिका मंदिर कटरा में आकर इसका समापन होता है अभी तक लगभग 65 किलोमीटर सड़क तेयार है बाक़ी की यात्रा श्रद्धालुओं को करने में बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । साथ ही इनमें से 10 मंदिरों के लिए श्राइन बोर्ड द्वारा हाल ही में 2 करोड़ रूपये की राशि मंज़ूर भी की गई है । अत: श्रद्धालुओं और जनता की मांगो को देखते हुए त्रिकुटा पर्वत में परिक्रमा के लिए सड़क मार्ग तैयार की जाय ताकि श्रद्धालुओं को परिक्रमा करने में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े ।